




# जल निगम के लिए गले की फांस बनी एलसीसी की दबंगई

## एमपीआरडीसी ने पाइप लाइन बिछाने एलसीसी द्वारा बिना अनुमति क्षतिग्रस्त की गई सड़क को लेकर डेढ़ करोड़ से अधिक के क्षतिपूर्ति राशि देने जल निगम को लिखा स्मरण पत्र

नवभारत फाओअप

**सीधी 11 अप्रैल। एमपीआरडीसी ने पाइपलाइन बिछाने एलसीसी द्वारा बिना अनुमति क्षतिग्रस्त की गई सड़क को लेकर डेढ़ करोड़ से अधिक के क्षतिपूर्ति राशि देने जल निगम को स्मरण पत्र लिखा है। जल निगम के लिए एलसीसी की दबंगई गले की फांस बन गई है।**

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश जल निगम मर्यादित सीधी की ओर से ठेकेदार मेसर्स एलसीसी कम्पनी द्वारा सीधी जिले के बघवार अंचल में जल पाइप लाइन बिछाने का कार्य मनमानी तरीके से किया जा रहा है। ठेकेदारा द्वारा कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिये भारी मशीनरी का उपयोग करने से जगह-जगह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। शिकायत मिलने पर म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड रीवा मंडल के संभागीय प्रबंधक अंशुल करोडिया द्वारा विगत 17 फरवरी 2026 को परियोजना सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि ठेकेदार मेसर्स एलसीसी द्वारा विभाग से बिना अनुमति प्राप्त किये अवैध रूप से जल पाइप लाइन बिछा रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत के लिये 1 करोड़ 61 लाख 1518 रूपये की क्षतिपूर्ति राशि कार्यालय में शीघ्र जमा करने के लिये जल निगम सीधी के महाप्रबंधक को 18 फरवरी 2026 को पत्र भेजा। जिस कोई जवाब जल निगम के महाप्रबंधक की ओर से न देने पर एमपीआरडीसी रीवा की ओर से 9 अप्रैल 2026 को स्मरण पत्र भेजा गया है।



एलसीसी की दबंगई : एमपीआरडीसी की सड़क में अवैध निर्माण

मप्र सड़क विकास निगम लिमिटेड की बेला-गोविन्दगढ़-चुरहट सड़क में बिना अनुमति प्राप्त किए मेसर्स एलसीसी के अवैध रूप से बिछाई गई पाइपलाइन की शिकायत बाद नहीं हुई कार्यवाही

एमपीआरडीसी ने ठोंका डेढ़ करोड़ से अधिक का हर्जाना

जल निगम के महाप्रबंधक के दावों की एमपीआरडीसी ने खोली पोल

इनका कहना है

### कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा पत्र

एमपी रोड डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड रीवा मंडल के मंडल प्रबंधक द्वारा जल निगम सीधी के अधीन कार्य कर रही मेसर्स एलसीसी कम्पनी की मनमानी को लेकर कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों को भी पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि ठेकेदार मेसर्स एलसीसी कम्पनी द्वारा विभाग से बिना अनुमति प्राप्त किये अवैध रूप से जल पाइप बिछाया जा रहा है। पाइप बिछाने के कार्य में सड़क को भारी क्षति पहुंचाई गई है, जिस पर 1 करोड़ 61 लाख 1518 रूपये की क्षतिपूर्ति राशि जमा कराई जाय।

### क्षतिपूर्ति राशि नही मिली तो हो सकती है कानूनी कार्यवाही

जल पाइप लाइन बघवार अंचल में बिछाने वाली मेसर्स एलसीसी कम्पनी अपने कार्य में सभी मापदंडों की खुलेआम अनदेखी कर रही है। जल्द से जल्द भूमि के अंदर पाइप लाइन बिछाने के लिये भारी भरकम मशीनरी का उपयोग किया जा रहा है जिससे एमपीआरडीसी की मुख्य सड़क जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई। एमपीआरडीसी द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क की तत्काल मरम्मत के लिये 1 करोड़ 61 लाख 1518 रूपये की मांग की गई है। क्षति राशि जमा न होने पर आगे कानूनी कार्रवाई करने के लिये कहा गया है।

### जल निगम महाप्रबंधक का नहीं उठा फोन

जल निगम सीधी के महाप्रबंधक नीरव अग्रवाल द्वारा मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड रीवा के क्षतिपूर्ति को लेकर आंकलित क्षतिपूर्ति राशि के संबंध में भेजे गये पत्र का करीब एक महीने में भी जवाब देने की जरूरत नहीं समझी गई। जिस पर मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम लिमिटेड रीवा के द्वारा 9 अप्रैल को स्मरण पत्र जारी किया गया। तत्संबंध में जब जल निगम के महाप्रबंधक से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया तो उनका फोन नहीं उठा।



# रैन बसेरा योजना से श्रमिकों को मिलेगा सुरक्षित आश्रय : डॉ .राजेश

## धनहा में रैन बसेरा निर्माण का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अप्रैल। जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम धनहा में म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल भोपाल द्वारा श्रमिक रैन बसेरा निर्माण योजना के तहत 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले रैन बसेरा भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सांसद ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ रैन बसेरा का भूमिपूजन किया।**

इस अवसर पर सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने श्रमिकों, गरीबों एवं वंचित वर्ग के उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। श्रमिकों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनका सीधा लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। श्रमिक रैन बसेरा योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है जो श्रमिकों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में सहयोग प्रदान करेगी। सांसद ने कहा कि अक्सर श्रमिक वर्ग कार्य के सिलसिले में अपने गांवों से दूर शहरों और कस्बों में आता है, जहां उन्हें रात्रि विश्राम के लिए सुरक्षित स्थान नहीं मिल पाता। ऐसे में यह रैन बसेरा उनके लिए आश्रय का कार्य करेगा, जहां उन्हें स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विश्राम की सुविधा एवं सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी बल्कि उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि श्रमिकों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने शासन की अन्य योजनाओं जैसे श्रमिक पंजीयन, मातृत्व सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन, एवं आवास योजनाओं की जानकारी भी दी और अधिक से अधिक श्रमिकों को इन योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, डॉ.देवेंद्र त्रिपाठी, सहायक श्रम अधिकारी सुश्री आकांक्षा पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रमिक भाई-बहन उपस्थित रहे।



# आदिवासी बालक जूनियर छात्रावास में मनी डॉ .भीमराव अम्बेडकर एवं संत रविदास जयंती

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 11 अप्रैल। बालक जूनियर छात्रावास सेमरिया में बाबा साहेब एवं संत शिरोमणि की जयंती मनाई गई।**

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब और संत रविदास के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। अधीक्षक सुरेश मिश्रा ने बाबा साहेब के संघर्षमय जीवन और उनके द्वारा किए गए सामाजिक सुधारों पर प्रकाश डाला। साथ ही संत रविदास जी के समता और भाईचारे के संदेश को छात्रों के जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान सभी छात्रों को बाबा साहब एवं संत शिरोमणि की जयंती के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसके बाद विशेष रूप से छात्रों को भोजन कराया गया।

# लुरुघुटी मे 130 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण व नि :शुल्क उपचार

नवभारत न्यूज

**कुसमी 11 अप्रैल। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र लुरुघुटी मे आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जहां 130 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य जांच के साथ नि:शुल्क उपचार की सुविधाएं प्रदान की गयी।**

यह शिविर लुरुघुटी ग्राम पंचायत भवन मे आयोजित की गयी थी। शिविर को सम्पन्न कराने में जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत का सराहनीय योगदान रहा। सीईओ ज्ञानेंद्र मिश्रा खुद स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर जायजा लिए, वहीं सुबह से ही कई पंचायतो के सचिव रोजगार सहायक शिविर को सम्पन्न कराने शिविर स्थल मे डटे रहे। शिविर में जनपद अध्यक्ष कुसमी श्यामबती सिंह, जल संसाधन विभाग के एसडीओ रविन्द्र भालेकर, सीडीपीओ माय गिरी गोस्वामी भी मौजूद रहीं। उक्त शिविर में डॉ.नागेन्द्र दुबे, डॉ.अजय प्रजापति, डॉ.विकास सिंह, डॉ.विकट सिंह, डॉ.शुभम मिश्रा, डॉ.सृष्टि कुशवाहा, डॉ.अनिल पनिका, डॉ.देवेन्द्र कुमार सिंह, डॉ.सी.एल.साकेत, डॉ.सुभाष चंद्र सोनी, आयुष विभाग से डॉ.अनुराग सिंह, डॉ.राजेश प्रजापति होम्योपैथिक, डॉ.प्रवेश कुमार पनिका सहित डॉक्टरों की अन्य टीम, प्रभारी फार्माशिस्ट, नेत्र सहायक, रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन, सीएचओ, एएनएम, आशा पर्यवेक्षक, आशा/आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे। शिविर स्थल पर सचिव हर्षनारायण सिंह, रोजगार सहायक दिलीप सोंधिया, विक्रेता रमाकांत शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

यह शिविर सुबह 9 बजे से 3 बजे तक चला। शिविर उपरांत सामाजिक न्याय विभाग के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी जयराज सिंह द्वारा विभिन्न विभागों की उपस्थिति में नशामुक्ति शपथ ग्रहण कराया गया।



# लुरघुटी, सिरसी, पोस्ता और बरबंधा में सैकड़ों ग्रामीणों का परीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अप्रैल। भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिले के दूरस्थ ग्रामों में अंत्योदय स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर शासन की मंशा i अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने कोi धरातल पर साकार किया गया। लुरघुटी, सिरसी, पोस्ता और बरबंधा में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार का लाभ उठाया।**



शिविरों में लुरघुटी में 180, सिरसी में 250, पोस्ता में 307 तथा बरबंधा में 110 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग की टीमों द्वारा मरीजों का परीक्षण, परामर्श एवं नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। बीपी, शुगर, सिकल सेल एनीमिया एवं टीबी जैसी गंभीर बीमारियों की जांच कर प्रारंभिक स्तर पर ही रोगों की पहचान सुनिश्चित की गई। शिविरों में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष फोकस रखा गया। गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर कुपोषित बच्चों की पहचान की गई तथा अभिभावकों को संतुलित आहार और पोषण संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं आधार कार्ड में सुधार की सुविधा भी शिविरों में उपलब्ध कराई गई, जिससे पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा सका। पोस्ता शिविर में 22 किशोरियों का एचपीवी वैक्सीनेशन तथा 11 लोगों द्वारा रक्तदान किया गया, जो जन-जागरूकता का सकारात्मक संकेत है। इस दौरान सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने सिरसी एवं पोस्ता में शिविरों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और हितग्राहियों से संवाद किया। सिरसी शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह ने भी सहभागिता कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया एवं ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। वहीं कलेक्टर विकास मिश्रा ने पोस्ता शिविर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का अवलोकन किया। लुरघुटी में जनपद अध्यक्ष कुसमी श्यामवती सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ज्ञानेंद्र मिश्रा ने स्वयं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि अंत्योदय की भावना के अनुरूप प्रशासन का लक्ष्य है कि स्वास्थ्य सेवाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहज रूप से पहुंचें। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके गांव में ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति उपचार के अभाव में वंचित न रहे और प्रत्येक नागरिक स्वस्थ जीवन जी सके।

### अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : डॉ . मिश्रा

पोस्ता में संकल्प से समाधान अभियान के तहत सांसद द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। इस अवसर पर सांसद डॉ .मिश्रा ने कहा कि डॉ .भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए सरकार अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार हुआ है और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं गरीबों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण मुक्ति एवं जनजागरूकता पर विशेष बल दिया जा रहा है। अंत्योदय स्वास्थ्य शिविर इसी सोच का परिणाम हैं, जहां इलाज के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। सांसद ने नागरिकों से अपील की कि वे नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराएं और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं, ताकि एक स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण हो सके।

# गोविंद सिंह बनाए गए कांग्रेस कर्मचारी प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष

**सीधी 11 अप्रैल।** शासकीय सेवा से रिटायर्ड अधिकारी गोविंद सिंह बघेल को म.प्र. कांग्रेस पूर्व कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉ.संजय कमले की सहमति तथा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राम नारायण ठाकुर के प्रस्ताव पर की गई है। गोविंद सिंह एक सहज सरल स्वभाव के मृदुभाषी व्यक्ति हैं। अपने शासकीय सेवा काल में उन्होंने निरंतर शासकीय कर्मचारियों के बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष किया है। गोविंद सिंह ने प्रदेश कांग्रेस तथा संगठन के समस्त पदाधिकारियों सहित चुरहट विधायक तथा पूर्व नेता प्रत्यक्ष अजय सिंह राहुल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन का भरोसा दिया है। गोविंद सिंह को पूर्व कर्मचारी अधिकारी कांग्रेस प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह भदौरिया, सोमेश्वर सिंह, भीमसेन सिंह, श्यामलाल पाण्डेय, रविनंदन पाण्डेय, पीएल गुप्ता ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



# विद्युत पेंशनर्स का क्षेत्रीय अधिवेशन मानस भवन में आयोजित

## चुरहट विधायक व पूर्व नेता प्रतिपक्ष को संबोधित सौंपा मांग पत्र




नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अप्रैल। मध्य प्रदेश विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ शाखा सीधी का क्षेत्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह मानस भवन में संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि को ऑपरेटिव बैंक सीधी के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह भदोरिया थे।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रांतीय उपाध्यक्ष गोविंद सिंह बघेल तथा वरिष्ठ पत्रकार सोमेश्वर सिंह रहे। समारोह में विशेष आमंत्रित पदाधिकारियों में कार्यवाहक अध्यक्ष आर.डी.मिश्रा, प्रांतीय उपाध्यक्ष ए.के.अवस्थी, बी.एल.पटेल, भीमसेन सिंह, प्रांतीय संगठन मंत्री एस.एन.पटेल तथा श्रीराम पाण्डेय, संगठन सचिव एस.के.सिंह एवं प्रांतीय प्रचार सचिव आर.बी.वैश्य उपस्थित रहे। इसके अलावा भोपाल, रायसेन, जबलपुर, कटनी, रीवा, सतना, मैहर, मऊगंज, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, छिंदवाड़ा, सिंगरौली जिला शाखा के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन सुनील मिश्रा ने किया। समारोह में लगभग एक सैकड़ा विद्युत पेंशनर्स जिन्होंने 70 वर्ष की अधिआयु पूरी कर ली है को साल तथा सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी ने प्रारंभ में झंडा तोलन किया। कार्यक्रम में राज्य पेंशनर्स देवीचरण शर्मा, मटुकधारी सिंह, गोविंद सिंह, लालजी सिंह, ललन प्रसाद भट्ट, हीरा सिंह की भी गरिमामय में उपस्थिति रही। संगठन की ओर से प्रताध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने चुरहट विधायक तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल को संबोधित ज्ञापन वाचन करते हुए मांग की।

कार्यक्रम में राहुल भैया के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह भदोरिया को ज्ञापन सौंपा गया। जिन्होंने पेंशनर्स को आश्वस्त किया कि उनका मांग पत्र राहुल भैया तक पहुंचा दिया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग साढ़े तीन सौ पेंशनर्स प्रतिनिधि शामिल थे। सभी को कार्यक्रम के बाद स्व रुचि भोज कराया गया। विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा सीधी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिनंदन पाण्डेय, कोषाध्यक्ष वारिस अंसारी, सचिन, पीएल गुप्त, कार्यवाहक अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह सकिहत अध्यक्ष श्यामलाल पाण्डेय ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अतिथियों, प्रतिनिधियों तथा पेंशनर्स के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भू-अर्जन में तेजी, 144 भूमि स्वामियों को 3 .43 करोड़ रुपए का मुआवजा भुगतान

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 अप्रैल। जिले में विकास एवं निर्माण कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के उद्देश्य से भू-अर्जन प्रक्रिया में तेजी लाते हुए प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है।**

कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत कुल 144 भूमि स्वामियों को 3 करोड़ 43 लाख से अधिक की मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। भू-अर्जन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 25 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 के बीच रीवा-सीधी-सिंगरौली रेलवे परियोजना अंतर्गत 114 भूमि स्वामियों को 3 करोड़ 20 लाख से अधिक राशि वितरित की गई। यह परियोजना क्षेत्र के विकास और आवागमन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसी प्रकार महान नहर परियोजना के अंतर्गत 24 भूमि स्वामियों को 20 लाख 19 हजार से अधिक का मुआवजा दिया गया, जिससे सिंचाई सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। वहीं लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं के अंतर्गत 6 भूमि स्वामियों को 3 लाख 41 हजार से अधिक राशि का भुगतान किया गया है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में सड़क एवं आधार भूत संरचना मजबूत होगी। प्रशासन द्वारा भू-अर्जन की प्रक्रिया को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है जिससे प्रभावित भूमि स्वामियों को शीघ्र मुआवजा मिल सके और विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में संचालित सभी प्रमुख परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के लिए भूअर्जन की प्रक्रिया को शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है।

# कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने जन चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## नौढ़िया में किया रात्रि विश्राम, धौहनी में पदाधिकारियों की बैठक लेकर संगठन को मजबूत बनाने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 फरवरी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने धौहनी विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क को प्राथमिकता देते हुए ग्राम नौढ़िया में आयोजित जन-चौपाल में ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाया।**

जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल आपूर्ति एवं कृषि से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। साथ ही क्षेत्र के विकास को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आमजन की आवाज को प्राथमिकता देती है और इन मुद्दों को संबंधित स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। जन चौपाल के उपरांत ज्ञान सिंह ने ग्राम नौढ़िया में अजय सिंह अज्जू के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ रात्रि भोज किया तथा वहीं रात्रि विश्राम भी किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीतियों पर अनौपचारिक चर्चा की। इससे पूर्व उन्होंने धौंहनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चुवाही में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझौली के नवनियुक्त पदाधिकारियों की परिचय बैठक में सहभागिता की। बैठक में सभी पदाधिकारियों पंचायत कमेटियों से परिचय प्राप्त कर संगठन को मजबूत बनाने, जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।



### रात्रि विश्राम के दौरान मजदूरों से मिलकर जानी वस्तुस्थिति

मनरेगा योजना का नाम बदलकर सरकार सिर्फ जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को योजना के तहत पर्याप्त काम नहीं मिल पा रहा है जिससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ रहा है। रात्रि विश्राम के दौरान मेरी मनरेगा के मजदूर भाई-बहनों से विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें उन्होंने बताया कि उन्हें न तो नियमित रूप से काम मिल रहा है और न ही पहले किए गए कार्यों का समय पर भुगतान हो रहा है। कई मजदूरों का मेहनताना महीनों से लम्बित है जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। सरकार को चाहिए कि वह नाम बदलने की राजनीति छोड़कर जमीनी स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान दे। मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना ग्रामीण गरीबों की जीवनरेखा है, इसे कमजोर करना या केवल दिखावे तक सीमित रखना निंदनीय है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, श्यामवती सिंह, तिलकराज सिंह, गणेश सोनी, इंद्रबली सिंह, अभयराज सिंह, सुनील सिंह, प्रदीप दीक्षित, बीरन बैगा, जगतभान यादव, मार्तण्ड चतुर्वेदी, चिंतामणि गुप्ता, अभिषेक सिंह, दिनकर सिंह, विनोद सिंह, हर्षित शुक्ला, अजय सिंह अज्जू, आनंद सिंह गोंड़ सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।